Zildjian ALCHEM·E

# E·VAULT

## इलेक्ट्रॉनिक ड्रम मॉड्यूल

# क्विक स्टार्ट गाइड



# सुरक्षा




निम्न चीजों के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें:

1. ड्रम किट सेटअप संबंधी वीडियो देखें
2. फर्मवेयर और साउंड अपडेट्स डाउनलोड करें
3. मॉड्यूल नेविगेशन और सेटअप संबंधी वीडियो देखें
4. पूरे डिजिटल यूजर मैनुअल को एक्सेस करें

# विषय-सामग्रियां


1. ई-वॉल्ट मॉड्यूल 4
   - टॉप पैनल 4
   - रियर पैनल 5
2. सेटअप 6
   - प्लेट माउंट करना 6
   - ड्रम कनेक्ट करना 6
   - सिम्बल्स कनेक्ट करना 7
   - हाईहैट कनेक्ट करना 7
   - किट मॉडल कनेक्शन 8
3. आरंभ करना 10
   - ई-वॉल्ट वर्कस्पेस 10
   - पावर ऑन/ऑफ 11
   - पहली बार सेटअप करना 11
4. प्ले करना 12
   - प्लेइंग किट 12
   - मेट्रोनोम सेटिंग्स 13
   - किट मिक्सर 14
   - मिक्स हब 15
5. ट्रिगर सेटिंग्स 16
   - ड्रम और सिम्बल इनपुट्स 16
   - हाईहैट कंट्रोल सेटअप 17
6. महत्वपूर्ण सूचनाएं 18
   - स्पेसिफिकेशन्स 18
   - सुरक्षा जानकारी 19
   - महत्वपूर्ण सूचना 22

# 1. ई-वॉल्ट मॉड्यूल

## टॉप पैनल




**1 पावर**

मॉड्यूल को ऑन और ऑफ करने के लिए पावर बटन दबाएं।

**2 डी-पैड**

स्क्रीन पर नेविगेट करने और विभिन्न कंट्रोल और सेटिंग्स का चुनने के लिए डायरेक्शनल बटनों का प्रयोग करें।

**3 हेडफोन**

हेडफोन को ¼" (6.35mm) आउटपुट जैक से कनेक्ट करें और वॉल्यूम एडजस्ट करने के लिए नॉब घुमाएँ।

**4 टचस्क्रीन**

टचस्क्रीन इंटरफेस की सहायता से सिस्टम नेविगेशन और सेटिंग्स पर इंटरैक्टिव कंट्रोल संचालित होता है।

**5 वर्कस्पेस**

किसी वर्कस्पेस शॉर्टकट बटन को प्रेस करके उसके स्क्रीन और फ़ंक्शंस को एक्सेस करें। सिस्टम वर्कस्पेस को एक्सेस के लिए [O] बटन को लॉन्ग प्रेस करें।

**6 एक्शन**

जब तत्संबंधी आइकन डिस्प्ले होते हैं, तो एक्शन को कैंसिल करने और स्क्रीन से बाहर जाने के लिए [X] बटन प्रेस करें, या एक्शन को एक्जीक्यूट करने के लिए [O] बटन प्रेस करें।

**7 एनकोडर**

किसी कंट्रोल या सेटिंग की वैल्यू को एडजस्ट करने के लिए एनकोडर नॉब को घुमाएँ।

**8 मेन वॉल्यूम**

मुख्य आउटपुट वॉल्यूम को स्टेप्स में एडजस्ट करने के लिए [-] और [+] बटन को प्रेस करें।

# रियर पैनल




## 1 ट्रिगर इनपुट्स

ड्रम और सिम्बल्स के ट्रिगर आउटपुट को मॉड्यूल पर तत्संबंधी ट्रिगर इनपुट से कनेक्ट करें। दी गई ¼" (6.35 mm) टीआरएस जैक केबल का प्रयोग करके ड्रमों को कनेक्ट करें। दी गई RJ 45 केबल्स का उपयोग करके सिम्बल्स को कनेक्ट करें।

## 2 मेन आउटपुट

मेन एल-आर बैलेंस्ड आउटपुट को मिक्सर, ड्रम एम्पलीफायर या ऑडियो इंटरफ़ेस से कनेक्ट करने के लिए ¼" टीआरएस जैक केबल (शामिल नहीं) का प्रयोग करें। अनबैलेंस्ड टीएस जैक केबल का भी प्रयोग किया जा सकता है।

## 3 ऑक्स इनपुट

एक ⅛" (3.5 मिमी) टीआरएस मिनी-जैक केबल (शामिल नहीं) का प्रयोग करते हुए एक स्टीरियो ऑडियो सोर्स को कनेक्ट करें। ऑक्सिलियरी इनपुट को ऐसे म्यूजिक प्लेयर और ऑडियो डिवाइस के लिए डिजाइन किया गया है जो एक लाइन लेवल सिग्नल आउटपुट करते हैं।

## 4 मल्टी आउटपुट

मॉड्यूल का मल्टी-आउटपुट मैट्रिक्स, इंस्ट्रूमेंट्स से ऑडियो को रूट करता है, और 8 बैलेंस्ड ¼" टीआरएस आउटपुट में ग्रुप करता है। इन आउटपुट को किसी मिक्सर या ऑडियो इंटरफेस से कनेक्ट करें।

## 5 मिडी इन | बाहर

5-पिन DIN केबल (शामिल नहीं) का उपयोग करके एक एक्सटर्नल MIDI डिवाइस कनेक्ट करें।

## 6 डीसी इन

दिए गए एसी एडैप्टर को कनेक्ट करें।

## 7 यूएसबी-सी

मॉड्यूल को कंप्यूटर से कनेक्ट करने के लिए यूएसबी-सी केबल (शामिल नहीं) का प्रयोग करें। Zildjian ई-वॉल्ट एक क्लास-कंप्लायंट ऑडियो डिवाइस है, जो मल्टी-चैनल ऑडियो और मिडी डेटा ट्रांसमिशन को सपोर्ट करता है।

## 8 मेमोरी

सिस्टम अपडेट और बैकअप करने के लिए दिए गए यूएसबी फ्लैश ड्राइव को कनेक्ट करें। उपयोग करने से पहले फ़्लैश ड्राइव को फॉरमैट किया जाना जरूरी है।

### फ्लैश ड्राइव को फॉरमैट करें

1. सिस्टम वर्कस्पेस मेनू में से सिस्टम सेटिंग्स स्क्रीन को एक्सेस करें।
2. फॉरमैट टैब को चुनें।
3. फ्लैश ड्राइव को मेमोरी स्लॉट में डालें।
4. 'यूएसबी मेमोरी फॉरमैट करें' बटन दबाएँ।



### पावर एडैप्टर के बारे में

दिए गए एसी पावर एडैप्टर को दुनिया भर में प्रयोग किया जा सकता है।

दिए गए प्लग को किसी ऐसे पावर आउटलेट टाइप से अटैच करें, जो आपके देश के अनुकूल हो।

सुरक्षित संचालन के लिए, केवल दिए गए एसी पावर एडैप्टर और प्लग का ही प्रयोग करें।

## प्लेट को माउंट करना

### प्लेट को बॉटम पैनल पर लगाएं

दी गई माउंटिंग प्लेट को, मॉड्यूल को सुसंगत ड्रम स्टैंड या रैक पर माउंट करने के लिए प्रयोग किया जाता है।

1. माउंटिंग प्लेट को, मॉड्यूल के बॉटम पैनल पर स्थित स्क्रू होल और गाइड्स के साथ एलाइन करें।
2. दिए गए M5-10mm स्क्रू का प्रयोग करके माउंटिंग प्लेट को अटैच करें।



दिखाए गए के अनुसार प्लेट को अटैच करें

## ड्रम कनेक्ट करना




दिए गए ¼" (6.35 mm) TRS जैक केबल का प्रयोग करके ड्रमों को कनेक्ट करें, जैसा कि दिखाया गया है।

1. ड्रम ट्रिगर आउटपुट्स को, मॉड्यूल के रियर पैनल पर उनके तत्सबंधी ट्रिगर इनपुट (KICK, SNARE, TOM 1-4) से कनेक्ट करें।
2. केबल के राइट-एंगल वाले सिरे को ड्रम ट्रिगर आउटपुट से कनेक्ट करें और सीधे सिरे को जैक इनपुट से कनेक्ट करें।
3. दी गई केबल टाई का प्रयोग करके केबल्स को सिक्योर करें।

## सिम्बल्स कनेक्ट करना




दिखाए गए के अनुसार, दी गई RJ45 केबल्स का उपयोग करके सिम्बल्स को कनेक्ट करें।

1. सिम्बल्स के ट्रिगर को मॉड्यूल के रियर पैनल पर उनके तत्संबंधी ट्रिगर इनपुट्स (RIDE, CYM 1-4) से कनेक्ट करें।
2. केबल के राइट-एंगल वाले सिरे को सिम्बल से कनेक्ट करें और सीधे सिरे को मॉड्यूल इनपुट से कनेक्ट करें।
3. दी गई केबल टाई का प्रयोग करके केबल्स को सिक्योर करें।

## हाईहैट को कनेक्ट करना




1. हाईहैट को कनेक्ट करने के लिए, स्ट्रेट-टू-स्ट्रेट RJ45 केबल को बॉटम सिम्बल पर स्थित केबल गाइड पर से ले जाएं, और इसे टॉप सिम्बल पर स्थित टर्मिनल से कनेक्ट करें। दिखाए गए के अनुसार, दूसरे सिरे को मॉड्यूल के रियर पैनल पर हाई-हैट तत्संबंधी ट्रिगर इनपुट से कनेक्ट करें।
2. केबल टाई का प्रयोग करके केबल्स को सिक्योर करें।

## किट मॉडल कनेक्शन

संदर्भ तालिकाओं को एक गाइड के रूप में उपयोग करते हुए, आपकी किट मॉडल के ड्रम और सिम्बल्स को ई-वॉल्ट मॉड्यूल के ट्रिगर इनपुट से कनेक्ट करें।

### अल्केम-ई गोल्ड ईएक्स

| ट्रिगर इनपुट | इंस्ट्रूमेंट | आइटम कोड |
|---|---|---|
| KICK | अल्केम-ई गोल्ड 20" बेस | ZAG20BD |
| SNARE | अल्केम-ई गोल्ड 14" स्नेयर | ZAG14SD |
| TOM1 | अल्केम-ई गोल्ड 10" टॉम | ZAG10T |
| TOM2 | अल्केम-ई गोल्ड 12" टॉम | ZAG12T |
| TOM3 | अल्केम-ई गोल्ड 14" फ्लोर टॉम | ZAG14FT |
| TOM4 | - | - |
| हाई-हैट | 14" ई-फैमिली हाईहैट पेयर | E14HH |
| राइड | 20" ई-फैमिली राइड | E20R |
| CYM1 | 16" ई-फैमिली क्रैश | E16C |
| CYM2 | 18" ई-फैमिली क्रैश/राइड | E18CR |
| CYM3 | - | - |
| CYM4 | - | - |

फ्री इनपुट आपको हमारे ALCHEM-E लाइनअप में से अतिरिक्त ड्रम और सिम्बल्स के साथ आपकी किट विस्तारित करने में सक्षम बनाता है।

## अल्केम-ई गोल्ड

| ट्रिगर इनपुट | इंस्ट्रूमेंट | आइटम कोड |
|---|---|---|
| KICK | अल्केम-ई गोल्ड 18" बेस | ZAG18BD |
| SNARE | अल्केम-ई गोल्ड 14" स्नेयर | ZAG14SD |
| TOM1 | अल्केम-ई गोल्ड 10" टॉम | ZAG10T |
| TOM2 | - | - |
| TOM3 | अल्केम-ई गोल्ड 14" फ्लोर टॉम | ZAG14FT |
| TOM4 | - | - |
| हाई-हैट | 14" ई-फैमिली हाईहैट पेयर | E14HH |
| राइड | 20" ई-फैमिली राइड | E20R |
| CYM1 | 16" ई-फैमिली क्रैश | E16C |
| CYM2 | - | - |
| CYM3 | - | - |
| CYM4 | - | - |

## अल्केम-ई ब्रोन्ज ईएक्स

| ट्रिगर इनपुट | इंस्ट्रूमेंट | आइटम कोड |
|---|---|---|
| KICK | अल्केम-ई ब्रोन्ज 18" बेस | ZAB18BD |
| SNARE | अल्केम-ई ब्रोन्ज 14" स्नेयर | ZAB14SD |
| TOM1 | अल्केम-ई ब्रोन्ज 10" ड्रम | ZAB10 |
| TOM2 | अल्केम-ई ब्रोन्ज 10" ड्रम | ZAB10 |
| TOM3 | अल्केम-ई ब्रोन्ज 12" ड्रम | ZAB12 |
| TOM4 | - | - |
| हाई-हैट | 14" ई-फैमिली हाईहैट पेयर | E14HH |
| राइड | 18" ई-फैमिली क्रैश/राइड | E18CR |
| CYM1 | 16" ई-फैमिली क्रैश | E16C |
| CYM2 | - | - |
| CYM3 | - | - |
| CYM4 | - | - |

## ई-वॉल्ट वर्कस्पेस

Zildjian ई-वॉल्ट सिस्टम में पांच वर्कस्पेस एरिया हैं जो शॉर्टकट बटन के माध्यम से तुरंत एक्सेसिबल होते हैं। इन शॉर्टकट की मदद से किसी भी सिस्टम स्क्रीन और फ़ंक्शन पर क्विक नेविगेशन किया जा सकता है।




### 1 किट वर्कस्पेस

किट प्ले स्क्रीन खोलने के लिए **KIT** बटन प्रेस करें। किट वर्कस्पेस में, यूजर्स किट को सेलेक्ट, प्ले और एडिट कर सकते हैं। किट डेटा के मैनेज करने संबंधी स्क्रीन फ़ंक्शंस को **किट वर्कस्पेस मेनू** में एक्सेस किया जा सकता है।

### 2 इंस्ट्रूमेंट वर्कस्पेस

इंस्ट्रूमेंट सेलेक्शन स्क्रीन खोलने के लिए **INST** बटन प्रेस करें। इंस्ट्रूमेंट वर्कस्पेस में, यूजर्स ऑडिशन और एडिट करने के लिए इंस्ट्रूमेंट्स का चयन कर सकते हैं। **इंस्ट्रूमेंट वर्कस्पेस मेनू** की मदद से इंस्ट्रूमेंट डेटा मैनेज करने के लिए स्क्रीन फ़ंक्शंस को एक्सेस किया जा सकता है।

### 3 ट्रिगर वर्कस्पेस

ड्रम - सिम्बल ट्रिगर सेटिंग्स स्क्रीन खोलने के लिए **TRIG** बटन प्रेस करें। ट्रिगर सेटिंग्स को ई-वॉल्ट द्वारा **ट्रिगर प्रोफाइल** के रूप में स्टोर किया जाता है। मेनू स्क्रीन की मदद से प्रोफाइल मैनेजमेंट फंक्शन्स के ट्रिगर को एक्सेस किया जा सकता है।

### 4 मिक्स वर्कस्पेस

किट मिक्सर स्क्रीन खोलने के लिए **MIX** बटन प्रेस करें। **मिक्स हब** स्क्रीन में इनपुट, आउटपुट और के लेवेल को एडजस्ट करें, और रूटिंग सेट करें। मल्टी-आउट रूटिंग और एफएक्स के लिए स्क्रीन को **मिक्स वर्कस्पेस मेनू** में एक्सेस किया जा सकता है।

### 5 सिस्टम वर्कस्पेस

सिस्टम वर्कस्पेस मेनू को एक्सेस के लिए **[O]** बटन को लॉन्ग प्रेस करें। यूजर्स इस मेनू से सिस्टम सेटिंग्स, मिडी सेटअप, साउंड डेटा और अपडेट्स को मैनेज करने के लिए स्क्रीन एक्सेस कर सकते हैं।

वर्कस्पेस स्क्रीन और फ़ंक्शंस का उपयोग करने संबंधी विस्तृत निर्देशों के लिए ***ई-वॉल्ट यूजर मैनुअल*** को देखें।

## पावर ऑन | ऑफ

### पावर ऑन करना

1. कनेक्टेड एम्पलीफायर और स्पीकर का वॉल्यूम कम करें।
2. मॉड्यूल को चालू करने के लिए पावर बटन को लॉन्ग प्रेस करें। इसकी एलईडी जलने पर बटन को छोड़ दें।
3. सिस्टम चालू हो रहे होने की पुष्टि करने के लिए Zildjian ई-वॉल्ट लोगो डिस्प्ले होता है।

स्टार्टअप के दौरान ड्रम या सिम्बल्स प्ले होने पर एक मैसेज डिस्प्ले होता है। सिस्टम द्वारा विभिन्न कैलिब्रेशन एवं चेक किए जाते हैं, ऐसे में ड्रम या सिम्बल्स प्ले नहीं होने चाहिए।

### पावर ऑफ करना

1. कनेक्टेड एम्पलीफायर और स्पीकर का वॉल्यूम कम करें।
2. कुछ सेकंड के लिए पावर बटन को लॉन्ग प्रेस करें और Zildjian ई-वॉल्ट लोगो डिस्प्ले होने पर इसे छोड़ दें।

सिस्टम बंद हो रहे होने के दौरान पावर बंद करने के लिए एसी एडैप्टर को डिस्कनेक्ट न करें। मॉड्यूल को बंद करने के लिए हमेशा पावर बटन प्रेस करें।

## पहली बार सेटअप

### किट मॉडल का चयन करें और ट्रिगर प्रोफ़ाइल सेटिंग्स आरंभ करें

मॉड्यूल पहली बार शुरू होने पर **ई-वॉल्ट सेटअप** स्क्रीन डिस्प्ले होती है। आपकी किट मॉडल का चयन करने और डिफॉल्ट ट्रिगर प्रोफाइल सेटिंग्स को आरंभ करने के लिए ऑनस्क्रीन निर्देशों का पालन करें।

1. वह विकल्प चुनें जो आपकी ALCHEM-E किट मॉडल से मेल खाता हो:

   **गोल्ड ईएक्स**, **गोल्ड**, या **ब्रोन्ज ईएक्स**। 'जारी रखें' को प्रेस करें।

2. वह ट्रिगर सेटिंग विकल्प चुनें, जो आपकी डायनामिक प्लेइंग स्टाइल के सबसे निकट हो: **हल्का**, **मध्यम**, या **भारी**। 'फिनिश' प्रेस करें।

प्रोसेस पूरा हो जाने के बाद किट प्ले स्क्रीन डिस्प्ले होती है।

एक भिन्न ट्रिगर प्रोफाइल लोड करने के लिए, **ट्रिगर वर्कस्पेस मेनू** स्क्रीन पर जाएं और 'ट्रिगर प्रोफाइल सेट करें' चुनें।

# ५. प्ले करना

## प्लेइंग किट्स

**किट प्ले** स्क्रीन खोलने के लिए **KIT** बटन प्रेस करें। किट्स चुनें, मेट्रोनोम प्ले करें, और अन्य किट वर्कस्पेस स्क्रीन को एक्सेस करें।




**मेनू***

**किट वर्कस्पेस मेनू** स्क्रीन खोलने के लिए मेनू आइकन पर प्रेस करें।

**XSTICK**

स्नेयर ड्रम की क्रॉस स्टिक को ऑन और ऑफ के बीच में स्विच करने के लिए XSTICK बटन दबाएँ।

**किट चयन**

किट चुनने के लिए एनकोडर का उपयोग करें। **किट चुनें** स्क्रीन खोलने के लिए बॉक्स पर प्रेस करें।

**मेट्रोनोम**

मेट्रोनोम को प्ले करने और रोकने के लिए मेट्रोनोम आइकन दबाएं।

**बीपीएम | सेटिंग्स टैब**

यह बॉक्स मेट्रोनोम बीपीएम प्रदर्शित करता है। **सेटिंग्स टैब** खोलने के लिए प्रेस करें।

**किट व्यू***

किट व्यू मोड, किट-इंस्ट्रूमेंट असाइनमेंट और प्लेइंग इनपुट को विजुअलाइज करता है।

**किट एडिट***

**किट एडिट करें** स्क्रीन खोलने के लिए एडिट बटन प्रेस करें।

## मेट्रोनोम सेटिंग्स

मेट्रोनोम को एडजस्ट करने के लिए **किट प्ले** स्क्रीन पर बीपीएम बॉक्स को प्रेस करके स्क्रीन के सेटिंग टैब प्रदर्शित करें। मेट्रोनोम सेटिंग टैब डिफॉल्ट रूप से चयनित होता है।




**मेट्रोनोम साउंड**

विभिन्न मेट्रोनोम साउंड्स के बीच चयन करने के लिए ड्रॉपडाउन सूची खोलें।

**BPM**

मेट्रोनोम के टेंपो को कंट्रोल करता है। सेटिंग रेंज 40 से 300 बीपीएम है।

**बीट्स**

एक मेजर में बीट्स की संख्या सेट करता है। सेटिंग रेंज 2 से 16 बीट्स है।

**मेट्रोनोम लेवेल**

मेट्रोनोम वॉल्यूम लेवेल को कंट्रोल करता है। इस सेटिंग को **मिक्स हब** स्क्रीन पर भी एडजस्ट किया जा सकता है।

**मेट्रोनोम पैन**

मेट्रोनोम साउंड की स्टीरियो पैनिंग पोजिशन को कंट्रोल करता है।

**बीट एक्सेंट**

इसे ऑन पर सेट किए जाने पर, मेजर की पहली बीट पर एक भिन्न साउंड प्ले होगा।

*इन फीचर्स के बारे में अधिक निर्देशों के लिए ***ई-वॉल्ट यूजर मैनुअल*** को देखें।

## किट मिक्सर

किट मिक्सर खोलने के लिए **MIX** बटन प्रेस करें। 12 मिक्सर चैनल को ड्रम और सिम्बल्स समूहों में विभाजित किया गया। मिक्सर ग्रुप व्यूज के बीच स्विच करने के लिए **ड्रम-सिम्बल सेलेक्टर** को प्रेस करें।




### मिक्स हब

**मिक्स हब** स्क्रीन खोलने के लिए मिक्सर आइकन को प्रेस करें।

### मिक्सर जानकारी

यह प्रदर्शित करता है कि कौन सा मिक्सर समूह डिस्प्ले हो रहा है और वर्तमान में कौन सी किट चयनित है।

### ड्रम-सिम्बल सेलेक्टर

**मिक्सर ड्रम्स** और **मिक्सर सिम्बल्स** ग्रुप व्यूज के बीच स्विच करने के लिए प्रेस करें।

### पैन कंट्रोल्स

रोटरी नॉब चुनें और प्रत्येक ड्रम एवं सिम्बल की स्टीरियो पैनिंग पोजीशन को एडजस्ट करें। सेटिंग रेंज L63 ~ C ~ R63 है।

### वॉल्यूम कंट्रोल्स

फेडर नॉब चुनें और प्रत्येक ड्रम एवं सिम्बल के वॉल्यूम लेवेल को एडजस्ट करें। सेटिंग रेंज -99.9 dB से +10.0 dB है।

**सुझाव**: मिक्सर स्क्रीन पर, पैन नॉब या वॉल्यूम फेडर चुनने के लिए डी-पैड का उपयोग करने का प्रयास करें, और फिर वैल्यू सेट करने के लिए एनकोडर को चालू करें।

## मिक्स हब

**मिक्स हब** स्क्रीन पर विभिन्न इनपुट और आउटपुट चैनलों से संबंधित मिक्सिंग कंट्रोल्स होते हैं। एफएक्स सेटिंग्स और अन्य मिक्स वर्कस्पेस फ़ंक्शंस को मिक्स हब से एक्सेस किया जा सकता है।




**मेनू***

**मिक्स वर्कस्पेस मेनू** स्क्रीन खोलने के लिए मेनू आइकन को प्रेस करें।

**किट सेव करें**

वर्तमान किट हेतु किट मिक्सर सेटिंग्स को सेव करने के लिए बटन दबाएँ।

**एफएक्स***

**एफएक्स** स्क्रीन खोलने के लिए एफएक्स आइकन दबाएं।

**मिक्स | किट प्ले कंट्रोल्स**

फेडर्स, किट वॉल्यूम लेवल और मेट्रोनोम वॉल्यूम लेवल को कंट्रोल करते हैं।

**मिक्स | इनपुट कंट्रोल्स**

फेडर्स, स्टीरियो ऑडियो सोर्सेज के इनपुट वॉल्यूम लेवेल को कंट्रोल करते हैं: औक्स इनपुट, ब्लूटूथ और यूएसबी-आईएन।

**मिक्स | आउटपुट कंट्रोल्स**

फ़ेडर्स, मेन आउटपुट वॉल्यूम लेवेल और हेडफोन लेवेल को कंट्रोल करते हैं।

*अधिक निर्देशों के लिए *ई-वॉल्ट यूजर मैनुअल* को देखें।

# 5. ट्रिगर सेटिंग्स

## ड्रम और सिम्बल इनपुट

**ड्रम ट्रिगर** और **सिम्बल ट्रिगर** सेटिंग्स स्क्रीन खोलने के लिए **TRIG** बटन प्रेस करें। स्क्रीन स्विच करने और इनपुट चुनने हेतु तत्संबंधी बटन प्रदर्शित करने के लिए ड्रम-सिम्बल सेलेक्टर को प्रेस करें।




| **मेनू*** |
|---|
| **ट्रिगर वर्कस्पेस मेनू** स्क्रीन खोलने के लिए मेनू आइकन पर प्रेस करें। |
| **ट्रिगर जानकारी** |
| एक्टिव ट्रिगर सेटिंग्स स्क्रीन और चयनित ट्रिगर प्रोफ़ाइल को डिस्प्ले करता है। |
| **ड्रम-सिम्बल सेलेक्टर** |
| **ड्रम ट्रिगर** और **सिम्बल ट्रिगर** स्क्रीन के बीच स्विच करने के लिए प्रेस करें। |
| **ट्रिगर प्रोफाइल सेव करें*** |
| सभी ट्रिगर सेटिंग्स को चयनित ट्रिगर प्रोफाइल में सेव करने के लिए प्रेस करें। |
| **ट्रिगर इनपुट इंडीकेटर** |
| ग्राफिक इंडीकेटर, चयनित इनपुट के लिए ट्रिगर होने वाले क्षेत्र को विजुअलाइज करते हैं। |
| **ट्रिगर सेटिंग टैब*** |
| विभिन्न टैब्स में चयनित इनपुट के लिए ट्रिगर सेटिंग्स होती हैं। |

## हाईहैट कंट्रोल सेटअप

ई-फैमिली हाईहाट सेटअप करने के लिए **सिम्बल ट्रिगर** स्क्रीन को एक्सेस करें और **HH Ctrl** बटन को प्रेस करें। **सेट करें** टैब में ओपन-क्लोज कंट्रोल फ़ंक्शन सेटअप करने के लिए प्रयोग किए जाने वाले थ्री स्टेप बटन डिस्प्ले होते हैं।




स्केल-बार ग्राफिक और **रेंज** वैल्यू, बॉटम सिम्बल के सापेक्ष में हाईहाट टॉप सिम्बल की वर्तमान पोजीशन दर्शाता है। ओपन-क्लोज कंट्रोल फ़ंक्शन सेटअप करने के लिए, नीचे दिखाए गए प्रत्येक स्टेप के निर्देशों का पालन करें।

**स्टेप 1: कैलिब्रेट करें**

हाईहैट क्लच को अनलॉक करें और टॉप सिम्बल को बॉटम सिम्बल के साथ लगाएं। कैलिब्रेशन प्वॉइंट सेट करने के लिए [**1. कैलिब्रेट करें**] बटन को प्रेस करें।

**स्टेप 2: ओपेन प्वॉइंट सेट करें**

टॉप सिम्बल को वांछित ऊंचाई तक ऊपर उठाएं और हाईहैट क्लच को लॉक करें। आपको इंडिकेटर बार और रेंज वैल्यू में बदलाव शुरू होते हुए दिखना चाहिए। प्रेस करें
[2. **ओपेन सेट करें**] बटन। ओपेन प्वॉइंट वैल्यू सेट होती है तथा स्केल पर और दिखायी जाती है।

**स्टेप 3: क्लोज प्वॉइंट सेट करें**

पैर के प्राकृतिक दबाव से हाईहैट को बंद करें। प्रेस करें [3. **क्लोज सेट करें**] बटन, जब रेंज वैल्यू कैलिब्रेशन से कम हो, और ओपेन प्वॉइंट वैल्यू सेट करें। क्लोज प्वॉइंट वैल्यू सेट होती है तथा स्केल पर और दिखायी जाती है।

आवश्यकता पड़ने पर प्रत्येक स्टेप स्वतंत्र रूप से परफॉर्म किया जा सकता है। जब कोई चरण सही तरीके से पूरा हो जाता है तो सिस्टम 'पूर्ण' मैसेज डिस्प्ले करता है। जब कोई अमान्य वैल्यू (INV) सेट की जाती है, तो इंस्ट्रक्शन मैसेज 'पुन: प्रयास करें" डिस्प्ले करता है।

*अधिक निर्देशों के लिए *ई-वॉल्ट यूजर मैनुअल* को देखें।

# 6. महत्वपूर्ण सूचना

## स्पेसिफिकेशन

इस उत्पाद की स्पेसिफिकेशन और अपीयरेंस, सुधार की सूचना के बिना परिवर्तन के विषयाधीन हैं।

| | |
|---|---|
| **डिस्प्ले** | 5" टचस्क्रीन एलसीडी, 1280 x 720<br>एलईडी बैकलिट बटन |
| **कनेक्टर्स** | ट्रिगर इनपुट्स जैक x 6: 1/4-इंच (6.35mm) टीआरएस फ़ोन प्रकार<br>ट्रिगर इनपुट्स टर्मिनल x 6: RJ45 प्रकार (सिम्बल्स के साथ अनन्य उपयोग)<br>ऑडियो आउटपुट (मेन) जैक (एल, आर): 1/4-इंच (6.35mm) टीआरएस फ़ोन प्रकार, बैलेंस्ड<br>ऑडियो आउटपुट्स (मल्टी आउटपुटट्स) जैक x 8: 1/4-इंच (6.35mm) टीआरएस फ़ोन प्रकार, बैलेंस्ड<br>हेडफ़ोन जैक: स्टीरियो 1/4-इंच (6.35mm) फोन प्रकार (32 ओम अनुशंसित)<br>औक्स इनपुट जैक, स्टीरियो 1/8-इंच (3.5mm) मिनिएचर फोन प्रकार<br>मिडी (इन, आउट) 5-पिन डीआईएन कनेक्टर<br>यूएसबी-सी पोर्ट: यूएसबी-सी प्रकार, हाई-स्पीड मिडी और मल्टी-चैनल ऑडियो को सपोर्ट करता है<br>मेमोरी: यूएसबी फ्लैश ड्राइव (FAT32, अधिकतम 32GB)<br>DC IN जैक |
| **यूएसबी ऑडियो** | Zildjian ई-वॉल्ट एक यूएसबी क्लास कंप्लायंट ऑडियो डिवाइस है<br>48 kHz, 16-बिट ऑडियो<br>आउटपुट: 10 चैनल<br>इनपुट: 2 चैनल |
| **ब्लूटूथ** | इनपुट: 2 चैनल, स्टीरियो (A2DP) |
| **पावर सोर्स** | एसी एडैप्टर (DC 12V) |
| **वर्तमान उपभोग*** | 2A |
| **डायमेंशन** | 300 (W) x 166 (D) x 78.9 (H) mm<br>13 (W) x 6-9/16 (D) x 3-1/8 (H) इंच |
| **वजन** | 2.19 kg/4 lbs 13.1 oz |
| **एक्सेसरीज** | क्विक स्टार्ट गाइड<br>12V DC 2.0A 24W पावर एडैप्टर<br>32GB USB फ्लैश ड्राइव<br>माइक्रोफाइबर सफाई कपड़ा<br>माउंटिंग प्लेट (काला, चार M5 x 10mm स्क्रू के साथ) |

*औसत वर्तमान उपभोग लगभग 1.6A है

**ई-वॉल्ट सिस्टम अपडेट के परिचय**: इस गाइड के सामने वाले भाग में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें और सपोर्ट और डाउनलोड एरिया पर जाएँ। फ़र्मवेयर और साउंड अपडेट्स इंस्टॉल करने संबधी पूरे निर्देशों के लिए *ई-वॉल्ट यूजर मैनुअल* को देखें।

# सुरक्षा जानकारी

## महत्वपूर्ण सुरक्षा निर्देश और चेतावनियाँ।

कृपया डिवाइस उपयोग करने से पहले ध्यान से पढ़ें। सभी निर्देशों और चेतावनियों का पालन करना सुनिश्चित करें, क्योंकि ऐसा न करने पर चोट और/या संपत्ति को नुकसान हो सकता है। भविष्य के संदर्भ के लिए ये निर्देश सुरक्षित रखें।

### चेतावनियों और चेतावनियों का परिचय

| | |
|---|---|
| चेतावनी | यह किसी ऐसे खतरे का संकेत देता है जिसके परिणामस्वरूप मृत्यु या गंभीर चोट लग सकती है |
| सावधानी | यह ऐसे खतरे का संकेत देता है जिसके परिणामस्वरूप चोट लग सकती है या संपत्ति को नुकसान हो सकता है |

### प्रतीक-चिह्नों का परिचय

| | |
|---|---|
| | "सावधानी": यह आपका ध्यान किसी सावधानी वाले बिंदु की ओर आकर्षित करता है |
| | "ऐसा न करें ...": यह कोई निषिद्ध एक्शन इंगित करता है |
| | "आपको ऐसा करना जरूरी है ...": यह एक जरूरी एक्शन इंगित करता है |

## चेतावनी

| | |
|---|---|
| | **केवल दी गई या निर्दिष्ट पावर सप्लाई का ही प्रयोग करें**<br>सुनिश्चित करें कि पावर कॉर्ड ग्राउंडेड है और किसी प्रोटेक्टिव अर्थिंग कनेक्शन वाले आउटलेट में प्लग किया गया हो<br>अपने क्षेत्र के लिए केवल सही वोल्टेज कनेक्शन का उपयोग करें<br>इंस्ट्रूमेंट को प्लग इन या अनप्लग करते समय प्लग से पकड़ें और खींचें, तार नहीं। **तार खींचने से यह क्षतिग्रस्त हो सकता है और बिजली का झटका लग सकता है, जिससे चोट लग सकती है या मृत्यु हो सकती है।** |
| | पावर सप्लाई को गीले या नम हाथों से न हैंडल करें, क्योंकि इसे **बिजली के झटके की रोकथाम की जा सके, जिससे चोट लग सकती है या मृत्यु हो सकती है।** |
| | यदि एसी एडाप्टर कॉर्ड या प्लग घिस जाए या क्षतिग्रस्त हो जाए, या यदि इंस्ट्रूमेंट के उपयोग के दौरान अचानक साउंड चला जाता है, अथवा यदि उससे कोई असामान्य गंध आती है, तो तुरंत पावर स्विच बंद कर दें, एडैप्टर प्लग को आउटलेट से डिस्कनेक्ट करें, और किसी क्वालीफाइड सेवा कर्मी द्वारा इंस्ट्रूमेंट का निरीक्षण कराएं। **क्षतिग्रस्त पावर सप्लाई का प्रयोग करने से आग या बिजली का झटका लग सकता है।** |
| | बहुत ज्यादा न झुकें, भारी वस्तुएं न रखें, या अन्यथा पावर सप्लाई कॉर्ड को नुकसान न पहुंचाएं। **क्षतिग्रस्त पावर सप्लाई से आग लग सकती है या बिजली का झटका लग सकता है।** |
| | **छोटे हिस्सों को हमेशा बच्चों और पालतू पशुओं से दूर रखें क्योंकि वे उन्हें निगल सकते हैं, जिससे उन्हें चोट लग सकती है या मृत्यु हो सकती है। चोट से बचने के लिए, किसी वयस्क के सुपरविजन के बिना बच्चों को इंस्ट्रूमेंट का उपयोग न करने दें।** |

## सुरक्षा जानकारी (जारी)

### चेतावनी

सीधे सूर्य की रोशनी, अत्यधिक तापमान (गर्म या ठंडा), आर्द्रता, अत्यधिक धूल या सीधे तेज कंपन या झटके या चुंबकीय क्षेत्र के निकट न ले जाएं।

इसे बारिश के संपर्क में न आने दें, इसे पानी के पास या नम स्थितियों में न प्रयोग करें। तरल पदार्थ वाले किसी कंटेनर को मॉड्यूल पर न रखें।

ऐसी पोजीशन में न रखें जिसके कारण कोई इसके ऊपर पैर रख दे, फिसल जाए या बिजली या कनेक्टिंग तारों पर कुछ लुढ़क सके। **इससे इंस्ट्रूमेंट को क्षति हो सकती है या नुकसान हो सकता है।**

उपकरण को ऐसी अस्थिर स्थिति में न रखें जहां वह गिर सकता हो **क्योंकि इससे उपकरण को क्षति या नुकसान हो सकता है।**

### सावधानी

जब उपयोग में न होने पर या बिजली के तूफान की स्थिति में पावर सप्लाई बंद कर दें।

समय-समय पर प्लग को साफ करें और उस पर जमा हो गई धूल को हटा दें। यदि प्लग में धूल भरा है तो पावर सप्लाई का उपयोग न करें **क्योंकि इससे आग या बिजली का झटका लग सकता है।**

पावर सप्लाई का उपयोग ऊष्मा के स्रोतों जैसे कि हीटर या रेडिएटर के पास न करें, क्योंकि इससे पावर सप्लाई अधिक गर्म हो सकती है, जिससे **जलने या आग लगने का जोखिम हो सकता है।**

अन्य डिवाइसेज से कनेक्ट करने से पहले, सभी इंस्ट्रूमेंट्स की पावर बंद कर दें। इससे खराबी और/या क्षति को रोकने में मदद मिलेगी।

पावर स्ट्रिप का उपयोग करते हुए पावर सप्लाई को किसी इलेक्ट्रिकल आउटलेट से न कनेक्ट करें। इसके परिणामस्वरूप ध्वनि की गुणवत्ता कम हो सकती है या संभवतः आउटलेट में ओवरहीटिंग हो सकती है, **जिससे आग लगने का खतरा हो सकता है।**

**यह उत्पाद अकेले या एम्पलीफायर और हेडफोन या स्पीकर के साथ संयोजन में, ऐसे साउंड लेवेल उत्पन्न करने में सक्षम हो सकता है, जिसके कारण स्थायी रूप से सुनने की क्षमता खो सकती है। हाई वॉल्यू लेवेल पर या असुविधाजनक लेवेल पर लंबे समय तक ऑपरेट न करें। यदि आपको सुनने की क्षमता में कमी या कानों में घंटियाँ बजने का अनुभव होता है, तो आपको किसी ऑडियोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए।**

# सुरक्षा जानकारी (जारी)

| सावधानी | |
|---|---|
| | दिए गए पावर एडैप्टर या कॉर्ड को अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज के साथ प्रयोग न करें। |
| | पावर सप्लाई को अन्य हाई पावर कंजम्प्शन एप्लायंसेज जैसे कि इलेक्ट्रिक हीटर या ओवन के साथ आउटलेट में प्लग करने से बचें। |
| | इंस्ट्रूमेंट को बंद करने से वह पावर सप्लाई से डिस्कनेक्ट नहीं होता है। इंस्ट्रूमेंट पूरी तरह से बंद है, यह सुनिश्चित करने के लिए पावर कॉर्ड को आउटलेट से हटा दिया जाना चाहिए। |
| | इंस्ट्रूमेंट पर अपना वजन न टिकाएं, न ही उस पर भारी वस्तु रखें, न ही बटन, नॉब या कनेक्टर्स पर अत्यधिक बल का प्रयोग करें। |
| | पर्याप्त वायु परिसंचरण की व्यवस्था करें, और इंटर्नल हीट बिल्डअप से बचने के लिए मॉड्यूल के वेंट को बाधित न होने दें। **एक ओवर हीटेड मॉड्यूल से इंस्ट्रूमेंट जल सकता है और उसे क्षति पहुँच सकती है।** |
| | मूव करने से पहले सभी केबल को डिस्कनेक्ट कर दें। |
| | इंस्ट्रूमेंट्स में कोई भी कागज, धातु या अन्य वस्तुओं को न आने दें। यदि ऐसा होता है, तो इंस्ट्रूमेंट को अनप्लग करें, और किसी क्वालीफाइड सेवा कर्मी से उसका निरीक्षण करवाएं। |
| | उत्पाद को नीचे न गिरने दें, या उस पर उच्च प्रभाव न पड़ने दें, क्योंकि इससे इंस्ट्रूमेंट को नुकसान हो सकता है। |
| | केवल दिए गए या निर्माता द्वारा अनुशंसित कंपोनेंट्स के साथ ही इंस्ट्रूमेंट का उपयोग किया जाना चाहिए। यदि किसी तृतीय-पक्ष कंपोनेंट का उपयोग किया जाता है, तो कृपया उस उत्पाद के सभी सुरक्षा चिह्नों का पालन रखें। |
| | मॉड्यूल को न खोलें, इसके अंदर कोई यूजर-सर्विसबेबेल पार्ट्स नहीं हैं। |

## महत्वपूर्ण जानकारी

### डेटा हानि को रोकना

- इंस्ट्रूमेंट खराब होने, गलत ऑपरेशन या अन्य कारणों के चलते मॉड्यूल में स्टोर्ड डेटा खो सकता है। नियमित बैकअप बनाने से आप किसी भी डेटा हानि से बच सकते हैं।
- Zildjian किसी भी डेटा लॉस के संबंध में कोई जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करता है।

### पैकेजिंग निपटान

- जिस पैकेजिंग में उपकरण भेजा गया था उसका निपटान करते समय आपको आपके क्षेत्र के अपशिष्ट निपटान नियमों का पालन करना होगा।

### यूएसबी फ्लैश ड्राइव को कनेक्ट करना और उसका उपयोग करना

- मॉड्यूल में यूएसबी ड्राइव डालने से पहले, क्षति से बचाने के लिए सभी स्टैटिक इलेक्ट्रिसिटी डिस्चार्ज कर दें
- रीडिंग या राइटिंग प्रोग्रेस में होने के दौरान यूएसबी ड्राइव को बाहर न निकालें।

### बौद्धिक संपदा अधिकार

- इस प्रोडक्ट में कंटेंट का कॉपीराइट (साउंड वेवफॉर्म डेटा, स्टाइल डेटा, कंपेनमेंट पैटर्न, फ्रेज डेटा, ऑडियो लूप और इमेज डेटा) Zildjian के पास है।
- Zildjian द्वारा प्रदान किया गया ओरिजनल कंटेंट और उसके बाद का कोई भी साउंड, खरीदार के व्यक्तिगत उपयोग और ओरिजनल कंपोजिशन के प्रोडक्शन एवं डिस्ट्रीब्यूशन में उपयोग के लिए है। इंस्ट्रूमेंट को किसी ऐसे तरह से उपयोग न करें, जिससे किसी अन्य के कॉपीराइट का उल्लंघन हो। आपके द्वारा इंस्ट्रूमेंट के उपयोग के चलते होने वाले तीसरे पक्ष के कॉपीराइट के किसी भी उल्लंघन के संबंध में Zildjian कोई दायित्व नहीं स्वीकार करता है।
- शामिल कंटेंट और Zildjian द्वारा प्रदान किएगए किसी भी बाद साउंड को मूल या संशोधित रूप में एक्स्ट्रैक्ट और डिस्ट्रीब्यूट नहीं किया जा सकता है।

### इस दस्तावेज का परिचय

- Zildjian ई-वॉल्ट इलेक्ट्रॉनिक ड्रम मॉड्यूल क्विक स्टार्ट गाइड (ZAQSG):

  संस्करण 1.0

## यूरोपीय संघ के देशों और यूके के लिए

| | |
|---|---|
| CE UKCA | Avedis Zildjian Co. एतद्द्वारा घोषणा करती है कि Zildjian ALCHEM-E (ZEV1, ZABEX, ZAG, ZAGEX) प्रकार के रेडियो ईक्विपमेंट, डायरेक्टिव 2014/53/EU (CE), और 2017 नंबर 1206 (UKCA) का अनुपालन करती है। ईयू अनुरूपता की घोषणा का पूरा टेक्स्ट यहां उपलब्ध है: https://zildjian.com/pages/alchem-e-support |

| | |
|---|---|
| | उत्पाद पर इस प्रतीक-चिह्न का अर्थ है कि प्रयुक्त इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सामान्य घरेलू कचरे के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए। सही निपटान से मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर संभावित नकारात्मक प्रभावों को रोकने में मदद मिलेगी। उचित ट्रीटमेंट, रिकवरी और पुनर्चक्रण के लिए, कृपया आपके नगर कार्यालय, अपशिष्ट निपटान सेवाकर्ता या उस दुकान से संपर्क करें जहां से आपने उत्पाद खरीदा था। |

## यूएसए के लिए

**चेतावनी:** कैंसर और प्रजनन हानि - www.P65Warnings.ca.gov

| | |
|---|---|
| FC | नोट: इस उपकरण का परीक्षण किया गया है, और इसे एफसीसी नियमों के भाग 15 के अनुरूप, क्लास बी डिजिटल डिवाइस की सीमाओं का अनुपालन करते हुए पाया गया है। ये सीमाएं किसी आवासीय इंस्टॉलेशन में हानिकारक इंटरफेरेंस के विरुद्ध उचित सुरक्षा प्रदान करने के लिए निर्धारित की गई हैं। यह इंस्ट्रूमेंट रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा उत्पन्न करता है, उपयोग करता है और विकिरण कर सकता है, और यदि निर्देशों के अनुसार इंस्टॉल और उपयोग नहीं किया जाता है, तो रेडियो संचार में हानिकारक इंटरफेरेंस कर सकता है। हालाँकि, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि किसी विशेष इंस्टॉलेशन में इंटरफेरेंस नहीं होगा। यदि यह इंस्ट्रूमेंट रेडियो या टेलीविज़न रिसेप्शन में हानिकारक इंटरफेरेंस का कारण बनता है, जिसका पता इंस्ट्रूमेंट को बंद और चालू करके लगाया जा सकता है, तो उपयोगकर्ता को निम्नलिखित में से एक या अधिक उपायों द्वारा इंटरफेरेंस को ठीक करने का प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है:<br>—रिसीविंग एंटीना को रीओरिएंट या रीलोकेट करें।<br>—उपकरण और रिसीवर के बीच के दूरी को और बढ़ाएं।<br>—जिस सर्किट से रिसीवर जुड़ा हुआ है, इंस्ट्रूमेंट को उसके बजाय किसी अन्य सर्किट वाले आउटलेट से कनेक्ट करें।<br>—मदद के लिए डीलर या किसी अनुभवी रेडियो/टीवी तकनीशियन से सलाह लें। |

Zildjian ALCHEM·E

E·VAULT

एक इमर्सिव एलीवेटेड इलेक्ट्रॉनिक अनुभव

ZAQSG